समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# पाकिस्तान से तनाव के बीच मेरठ मे ऐतिहासिक नौचंदी मेला टला, DM ने जारी किए निर्देश।

Publisher    Published on 08 May 2025



## ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए मेरठ मे लंगने वाले ऐतिहासिक नौचंदी मेले को टाल दिया गया है. ये मेला 15 मई से शुरू होने वाला था.

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं. ऐसे में उत्तर प्रदेश में भी एहतियात बरतते हुए रेड अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं. दोनों देशों के बीच तनाव को देखते हुए मेरठ में लगने वाले ऐतिहासिक नौचंदी मेले को टाल दिया गया है. ये मेला 15 मई से शुरू होने वाला था, लेकिन वर्तमान हालात को देखते हुए इसे कुछ दिनों के लिए टालने का फैसला लिया गया है.

मेरठ के डीएम डॉक्टर वीके सिंह ने इसे लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं. 20 मई के बाद इस मेले की शुरुआत की तारीख तय होगी. ये मेला 15 मई से शुरू होना था, जिसके लिए प्रशासन की ओर से बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही थी. ये तैयारी अपने अंतिम चरण में थी लेकिन, मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को भारतीय सेना ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में स्थित नौ आतंकी संगठनों के कैंपों पर एयर स्ट्राइक करते हुए ध्वस्त कर दिया.

अलर्ट मोड पर यूपी
पाकिस्तान पर भारत की एयर स्ट्राइक की वजह से पूरे प्रदेश को अलर्ट मोड पर रखा गया है. भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक से दुश्मन देश पाकिस्तान बुरी तरह तिलमिलाया हुआ है और पलटवार करने की गीदड़ भभकी पर उतर आया है. ऐसे हालात को देखते हुए यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों के अधिकारियों को सजग रहने और तमाम विभागों को सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं. पाकिस्तान से युद्ध की आशंका के बीच बुधवार को यूपी के 17 जिलों में सिविल डिफेंस, फायर ब्रिगेड विभाग, स्वास्थ्य विभाग

समेत कई संबंधित विभागों के द्वारा मॉक ड्रिल भी की गई.

केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर जिन 17 जिलों को मॉक ड्रिल के लिए चिन्हित किया गया था, उनमें मेरठ भी आता है. मेरठ सैन्य दृष्टि से बेहद संवेदनशील और अहम इलाका है. युद्ध की स्थिति में सेना के मूवमेंट की वजह से दुश्मन की नजर इस इलाके पर हो सकती है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.